## संक्षिप्त

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज

**फुलेरा ।** कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फुलेरा का पथ संचलन 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे बालाजी बाईपास रोड़ स्थित आदर्श विद्या मन्दिर से रवाना होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए संघ के खण्ड संघचालक बिरादाराम चौधरी ने बताया कि विजयादशमी उत्सव एवं संघ के गौरवशाली 99 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ फुलेरा द्वारा पर संचालन निकाला जायेगा। जो कि क्षेत्र की माध्यमिक आदर्श विधा मन्दिर से पूर्ण गणवेश में रवाना होकर ज्योतिबा फुले सर्किल, गणगौरी बाजार, गांधी चौक जोबनेर रोड़, बड़ की कोठी होते हुए आदर्श विधा मन्दिर पर समापन रहेगा।

### आरोपी को गिरफ्तार किया

**दूदू ।** स्थानीय थाने की पुलिस ने जिला मुख्यालय के नरेना रोड पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बिक्री करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर करीब दो लाख रुपए की अंग्रेजी व देसी शराब दो डी फ्रिज के साथ ही बिक्री के 35750 जप्त कर लिए पुलिस सूत्रों के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में संचालित दुकान पर अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री किए जाने की सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई कर रहे हैं जमील शेख निवासी दूदू को गिरफ्तार कर अंग्रेजी शराब की 146 बोतल 363 देसी 250 बियर 143 बोतल काम में लिए जरा डी फ्रिज जप्त कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

**मनोहरपुर।** पी एम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनोहरपुर होद की पाल में 68 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम शाहपुरा विशिष्ट अतिथि तहसीलदार शाहपुरा तथा अध्यक्षता सुनीता प्रजापत नगरपालिका चेयरमैन द्वारा कियी गई, इस प्रतियोगिता में लगभग 60 विद्यालयों की 300 से अधिक छात्राओं द्वारा भाग लिया गया है शुक्रवार शाम तक 100, 400, 800, 1500 मीटर की हीट करवाई गई है, प्रतियोगिता के संचालक मोहन लाल चौधरी के द्वारा किया गया।

### जूनियर वर्ग कबड्डी फाइनल मैच में 9अंको से हराया

**मानपुरा माचेड़ी।** बिलोंची राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलोंची में चल रही संभाग स्तरीय छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन कब्बडी खो-खो बेडमिंटन बालीवाल साहित्यिक प्रवृतियो का आयोजन हुआ। रिकार्ड संधारण प्रभारी माधव प्रसाद जांगिड़ लक्ष्मण दरिया ने बताया की जूनियर वर्ग में सुबह कब्बडी मैच टाटलो की ढाणी और बिलोंची उच्च प्राथमिक के बीच खेला गया जिसमे टाटलो की ढाणी 7 अंक से विजेता रही। सीनियर वर्ग कब्बडी मैच गोविंदगढ़ और शिवसिंहपुरा के बीच खेला गया जिसमे गोविन्दगढ़ 9अंको से विजेता रही। दूसरा मैच मेजबान बिलोंची और नवलपुरा के बीच खेला गया जिसमे बिलोंची विजेता रही तीसरा मैच दौसा और नारेड़ा के बीच में खेला गया जिसमे नारेड़ा विजेता रही।

### दूसरे दिन किसी भी अभ्यर्थी ने नहीं किया नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत

**अलवर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि रामगढ विधानसभा उप चुनाव 2024 के लिए नाम निर्देशन पत्रा प्रस्तुत करने के दूसरे दिन आज किसी भी अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रामगढ विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत नाम-निर्देशन पत्रा भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। अभ्यर्थियों द्वारा प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी रामगढ के कार्यालय में नामांकन भरे जा सकेंगे।

### पुलिस शहीद दिवस सोमवार को

**कोटपूतली।** स्थानीय पुलिस लाईन में कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस द्वारा सोमवार 21 अक्टुबर को प्रातरू 08 बजे पुलिस शहीद दिवस समारोह का आयोजन होगा। जिसमें जिला एसपी राजन दुष्यंत के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

# भिवाड़ी में निवेश करने को लेकर दिखा उत्साह, 8 हजार करोड़ के 89 एम ओयू किए

**भिवाड़ी।** निवेश को बढ़ावा दिए जाने के लिए खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी में 27 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इन्वेस्टमेंट समिट कार्यक्रम से पहले ही निवेशकों की ओर से 8 हजार करोड़ रुपए के 89 एम ओयू प्राप्त हो चुके हैं। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भिवाड़ी में आयोजित होने वाले इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर निवेशकों में भारी उत्साह है।

इस इन्वेस्टमेंट समिट आयोजन से जिले में 31 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। जिले में निवेश को बढ़ावा दिए जाने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशन में उद्योग विभाग सहित अधिकारियों की ओर से किए जा रहे प्रयास के आज तक आठ हजार करोड़ के 89 एम ओयू निवेशकों की ओर से प्रशासन के पास आ चुके हैं। जिला कलेक्टर की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि 27 अक्टूबर को होने वाले इन्वेस्टमेंट समिट आयोजन में अधिक से अधिक निवेशक पहुंचे।जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में इच्छुक निवेशक विभिन्न क्षेत्रों यथा कृषि प्रसंस्करण, ऊर्जा नवीकरणीय, खनन,केमिकल, फर्टिलाइजर सौर ऊर्जा संयंत्र इत्यादि क्षेत्रों में निवेश को लेकर उत्साहित है। सरजीत सिंह खोरिया (महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र भिवाड़ी) ने बताया कि जिले में निवेश को लेकर उद्योगपति लगातार संपर्क कर अधिकाधिक संख्या में एमओयू के प्रस्ताव भिजवा रहे है।



भिवाड़ी में इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन को लेकर बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार

- 27 अक्टूबर को भिवाड़ी में होगा इन्वेस्टमेंट समिट आयोजन, संयुक्त उच्छिष्ट उपचार संयंत्र को लेकर कलेक्टर ने ली जिला पर्यावरण समिति की बैठक

इच्छुक निवेशकों से लगातार संपर्क बनाकर उन्हे जिले में निवेश हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला स्तरीय इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर तैयारियां अन्तिम चरण में है। जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग्स और बैनर चस्पा किये जा चुके है।

## सांभर में एडीएम कोर्ट की स्वीकृति के लिये 40 साल से इंतजार

**सांभरझील।** सांभर उपखण्ड मुख्यालय पर अपर जिला कलक्टर का कार्यालय खुलवाये जाने के लिये बार एसोसिएशन विगत 40 साल से अकेले लगातार संघर्षरत है, लेकिन सरकार पर राजनीतिक दबाव नहीं होने के कारण उनकी वाजिब मांग स्वीकार नहीं की जा रही है, जबकि दूदू ग्राम पंचायत जिसको निवर्तमान गहलोत सरकार जिला घोषित कर चुकी है में पहले ही एडीएम की सौगात देकर सांभर के साथ एक प्रकार से सौतेला ही व्यवहार किया।

लेकिन इनको पृथक उपखण्ड का दर्जा देने के बाद सांभर की प्रशासनिक सीमायें भी कम हो गयी, जो सौगात सबसे पहले सांभर की झोली में आनी चाहिये थी उसके हक को दरकिनार कर इसके वजूद को कम करने से यहां के क्षेत्रवासियों की भावनाएं आहत है। सांभर बार एसोसिएशन की प्रबल मांग को ध्यान में रखते हुये वर्ष 1982 में सरकार ने सांभर में एडीएम का कैम्प कोर्ट लगाने के आदेश प्रसारित किये थे।

## उपखण्ड अधिकारी ने सुनी शिकायते

**सावरदा ।** सावरदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शुक्रवार को देर शाम आयोजित रात्री चौपाल कार्यक्रम में मौजमाबाद उपखण्ड अधिकारी बीरबल सिंह ने आमजन की समस्याए व शिकायते सुनी एवं उपस्थित संबधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन की समस्या के निस्तारण के आदेश दिए । प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्री चौपाल में करीब छ माह पूर्व सार्वजनिक निर्माण विभाग की देखरेख में बनी करीब 17 करोड़ रुपए की लागत की डामर सडक के निर्माण में धांधली का भी आरोप लगाया गया । क्योंकि महज छ माह में ही उक्त डामर सडक पुरी तरह से बिखर गई । कार्यक्रम में मौजूद कई ग्रामीणों ने प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ नही मिलने के अलावा पट्टा जारी नही होने की शिकायते भी सामने आई , अबेड़कर कालोनी में हाल ही में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए सड़क किनारे बनवाई गई पक्की नाली निर्माण कार्य मे लेवल नही निकालने के चलते जमा बरसाती पानी से मकानो में सीलन आने का भी आरोप लगाया गया । उपखण्ड अधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के तुरन्त निवारण के लिए किया।

# कांग्रेस की टिकट की दौड में शामिल करीब 4 दर्जन से अधिक नेताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की

**दौसा।** प्रदेश कांग्रेस का पर्यवेक्षक एवं प्रभारियों का दल शनिवार को कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करने एवं दावेदारों के बायोडाटा लेने दौसा पहुंचा, इस दौरान दौसा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की टिकट की दौड में शामिल तकरीबन 4 दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने अपनी दावेदारी प्रसुतत की। इधर टिकटार्थियो एवं उनके समर्थको की भारी भीड को देखते हुये पर्यवेक्षक दल को बंद कमरे में चर्चा करनी पडी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दौसा विधानसभा उपचुनाव को देखते हुये विधायक रफीक खान, कांग्रेस के नेता पुष्पेन्द्र भारद्वाज, द्रोपती का प्रभारी एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। शनिवार को पर्यवेक्षक एवं प्रभारियों का दल पं.नवलकिशोर शर्मा सामुदायिक केन्द्र पहुंचा, जहां भारी संख्या में टिकटार्थी एवं उनके समर्थक मौजूद थे। उसके पहुंचने के साथ ही टिकटार्थियो के समर्थको ने अपने-अपने नेताओ के पक्ष में जमकर नारेबाजी तथा टिकट दिये जाने की मांग की। इधर भारी हुजूम व भीड को देखते हुये पर्यवेक्षक दल ने बंद कमरे में दावेदारो से चर्चा की। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश शर्मा, समृद्धि शर्मा, युवा नेता संदीप शर्मा, पूर्व पार्षद राकेश चौधरी, हंसराज मीणा, आशीष शर्मा, राममनोहर मीणा, उमाशंकर मीणा, पूर्व प्रधान डीसी बैरवा, दौसा प्रधान प्रहलाद रोहडा, हिम्मतसिंह पाडली, मंजू सीताराम मीणा सहित तकरीबन चार दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

- विधायक रफीक खान ने कहा कि दौसा विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है

**जीताऊ को देगें टिकट:-** विधायक रफीक खान ने कहा कि दौसा विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है, कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुये हम निश्चित रुप से दौसा विधानसभा सीट पर लगातार तीसरी बार अपनी जीत दर्ज करेगें। उन्होने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता जीताऊ, स्वच्छ छवि के कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाने की रहेगी। दावेदारी सभी प्रस्तुत कर रहे है, लेकिन दावेदारो की एक ही राय है कि किसी को भी टिकट दे दीजिये हम मिलकर चुनाव लडेगें। उन्होने कहा कि पिछले 10 माह के शासनकाल में भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, प्रदेश में अपराधों में वृद्धि हुई है, अपराधी खुले घूम रहे है, बरोजगारी में भी लगातार बढोत्तरी हो रही है, कांग्रेस के शासनकाल में जो भर्तियां निकाली गई थी, वे भी सरकार भरने में असमर्थ रही है। उन्होने कहा कि दौसा में कांग्रेस के बढते जनाधार को देखते हुये भाजपा प्रत्याशी चयन नही कर पा रही है, हमारे कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीताकर विधानसभा में भेंजेगें। सहप्रभारी पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि प्रत्याशी चयन का अंतिम फैसला आलाकमान द्वारा किया जावेगा, हम कार्यकर्ताओं की भावनाओं से आलाकमान को अवगत करा देगें, आलाकमान का फैसला सर्व मान्य होगा। उन्होने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है, प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती के साथ जीताने का कार्य करेगा। उन्होने कहा कि दौसा में कांग्रेस संगठन काफी मजबूत है, ऐसे में हर कार्यकर्ता चुनाव लडने के इच्छुक है।

सांसद मुरारीलाल मीणा द्वारा विधानसभा उपचुनाव में अपने परिवार के किसी भी सदस्यो को चुनाव नही लडाये जाने का एलान किये जाने के साथ ही इस बार टिकट मांगने वालों की संख्या में भारी बढोत्तरी हुई है। टिकट मांगने वालों में सर्वाधिक युवा है, युवाओ के उत्साह को देखते हुये कांग्रेस के नेता भी काफी उत्साहित है। कांग्रेस के युवा नेता संदीप शर्मा भी अपने समर्थको के साथ पहुचें तथा प्रभारी रफीक खान एवं पुष्पेन्द्र भारद्धाज के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होने कहा कि पार्टी सांसद मुरारीलाल मीणा के परिवार से किसी को अपना प्रत्याशी नही बनाती है तो पहले हमारा अधिकार बनता है, मै विश्वास दिलाता हूं कि हम सांसद मुरारीलाल मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस को जीताकर भेजेगें।

# 68वीं एथलेटिक्स क्रिडा प्रतियोगिता, 333 खिलाडी ले रहे भाग

**पावटा।** विराटनगर में शुक्रवार को 68वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता 14 वर्षीय छात्र-छात्रा खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ पी. एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विराटनगर में विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य व विराटनगर पालिका चेयरमेन डिंपल सैनी की अध्यक्षता एवं रिटायर्ड डीवाईएसपी रामेश्वर सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सैनी, भाजपा अल्पसंयक मोर्चा अध्यक्ष अजय कुमार, भाजपा संयोजक महेंद्र कुमार सैनी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महेश सैनी, भैरू लाल सैनी, गोपी चंद घांघल, रामस्वरूप घांघल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष फूल चंद सैनी, उमराव सांखला, सत्य नारायण सैनी, युवा मोर्चा भाजपा हेमराज सैनी के विशिष्ट आतिथ्य मे विधायक कुलदीप धनकड ने खेल प्रतियोगिता का झंडारोहण कर घोषणा की। वही मंच संचालन कर रहे व्यायाता दिनेश नौटियाल ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्र से 14 वर्षीय छात्रों की 53 टीम जिसमे 265 खिलाडियों व 14 वर्षीय छात्रा की 35 टीम जिसमे 128 खिलाडी भाग ले रहे है। इस तरह प्रतियोगिता में कुल 333 खिलाडी भाग ले रहे है।प्रतियोगिता में विजेता खिलाडियों को समानित कर राजस्थान खेल प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर कहा कि प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाडी प्यार की भावना से खेले और आगे चलकर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी बुराइयों से दूर रहकर समाज में अच्छाई का प्रचार करें। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।


विधायक ने खेल प्रतियोगिता का झंडारोहण कर घोषणा की।

- विराटनगर में विधायक धनकड ने झंडारोहण कर किया शुभारंभ

## ट्रेक्टर से जानलेवा हमले के आरोपियों को तीन साल का कारावास

**मालपुरा, (निसं)।** ट्रेक्टर से बाईक सवार पर जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को न्यायालय एसीजेएम मे दो साल का कारावास व रास्ते मे रोककर मारपीट के मामले मे न्यायालय एमजेएम ने दो आरोपियो को तीन साल कारावास की सुनाई सजा। मामले के अनुसार न्यायालय एसीजेएम अभियोजन अधिकारी कमल कुमार ने बताया कि 12 मार्च 2०15 को मालपुरा थाने मे दर्ज मामले मे दयाशंकर ने बताया कि वो अपनी बाईक से बद्रीलाल माली के साथ जा रहे थे। टोरडी के पास ट्रेक्टर चालक राजु उर्फ राजाराम पुत्र गोपाल जाट निवासी शेरगढ ने ट्रेक्टर से बाईक के टक्कर मार जानलेवा हमला किया जिसमे बाईक सवार बद्रीलाल माली गंभीर घायल हो गया। जयपुर मे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले मे जांच अधिकारी की रिपोर्ट व साक्ष्यो के आधार पर एसीजेएम रेश्मा जानवानी ने आरोपी राजु उर्फ राजाराम को दो साल का कारावास व दस हजार रूपये के जुर्माने से किया दण्डित। पचेवर थाने मे परिवादी रामकरण बागरिया निवासी मसाणी नाडी पचेवर की और से दर्ज मामले मे रतन व किशन सहित सुरजकरण बैरवा द्वारा रास्ते मे रोककर उसके साथ मारपीट कर घायल कर देने के 9 मार्च 2०15 को दर्ज करवाये गये।

## महेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास

**टोंक।** सरदार शक्ति जिम फिटनेस कोच व जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन प्ट्ष सचिव सिकन्दर नकवी के शिष्य एवं राम कुंवार चौधरी के पुत्र महेंद्र चौधरी ने गोवा के वास्को शहर में 14 से 18 अक्टूबर तक चल रही पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता में चौधरी ने 74 किलो वर्ग में 172.5 किलो वजन उठाकर राजस्थान का दबदबा कायम किया। गोल्ड मैडल जीत कर राष्ट्रीय स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय गुरुजी मुकेश गहलोत के खिलाडी महेंद्र चौधरी ने बेंच प्रेस में इतिहास रचा।

# जलवायु परिवर्तन पर दिया संदेश

**कोटपूतली।** विगत 02 अक्टूबर से साबरमती स्थित गाँधी आश्रम से शुरू जलवायु बचाओ जागरूकता अभियान के अगुवा पद यात्री करण वर्मा कोटपूतली पहुंचे। जिन्हें राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर पी गुर्जर व एनएसएस नोडल अधिकारी प्रो. जगराम गुर्जर ने महाविद्यालय में आमंत्रित किया।

करण वर्मा ने छात्राओं को भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती के रूप में जलवायु परिवर्तन को बताया और अपने स्तर पर छोटे-छोटे बदलाव लाने का आह्वान किया। वर्मा ने छात्राओं को छोटे-छोटे द्वीपों के डूबने और बढ़ती गर्मी से ग्लेसिर पिघलने की घटनाओं का उदाहरण दिया। प्राचार्य ने वैश्विक स्तर पर पर्यावरण बचाने और मानव जाति को बचाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने महाविद्यालय को पर्यावरण के अनुकूल बनाने में छात्राओं और स्टॉफ के योगदान को सराहा। उन्होंने अमृता देवी विश्नोई के बलिदान को याद किया और उनकी स्मृति में महाविद्यालय में वनस्पति उद्यान का जिक्र किया। एनएसएस नोडल अधिकारी जगराम गुर्जर ने महाविद्यालय को इकोफ्रेंडली के रूप में राजस्थान के लिए रोल मॉडल बताया और महाविद्यालय को जीरो कार्बन उत्सर्जन बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता जताई। प्रो. भावना चौधरी, प्रो. विशम्भर दयाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन करते हुये प्रो. विमल यादव ने चिपको आंदोलन पर विचार रखे।


कॉलेज में जलवायु परिवर्तन संदेश देते प्राचार्य।

## एक ईनामी सहित 50 वारन्टी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही करते हुए जिले में अपराधियों के विरूद्ध 3 दिवसीय धरपकड़ अभियान के तहत 80 टीम, 300 जवान, 325 स्थानों पर दबिश देकर 24 घंटे तक लगातार कार्यवाही कर 31 प्रकरण दर्ज कर 36 व्यक्ति गिरफ्तार किया। जिसमें एक्साईज एक्ट में 18 प्रकरण दर्ज, 18 व्यक्ति, एनडीपीएस एक्ट में 01 प्रकरण दर्ज, 01 व्यक्ति तथा एमएमआरडी एक्ट में 02 प्रकरण दर्ज, 2 व्यक्ति गिरफ्तार किया।80 व्यक्ति गिरफ्तार किये। जिला पुलिस कार्यालय द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार दिनांक 18.10.2024 से दिनांक 20.10.2024 तक 03 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दिनांक 18.10.2024 को वांछित अपराधियों एवं अपराध की रोकथाम हेतु जिले के सभी थानों में 300 जवानों की कुल 80 टीम विशेष टीमे गठित की जाकर 325 स्थानों पर दबिश दी गई।

## सार-समाचार

### तीन आरोपी गिरतार



**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने धोखाधडी पूर्वक जमीन को छल कपट से बेचाननामा करवाने के मामले में कार्रवाई के बाद धोखाधडी व जालसाजी के अभियोग के तीन आरोपियों को गिरतार करने में सफलता हांसिल की है। एसपी राजन दुष्यंत ने शुक्रवार को पुलिसलाइन सभागार में आरोपियों को पेश किया और धोखाधडी की वारदात का खुलासा किया। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन मे प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर मेहनत व लगन से कार्य करते हुए साक्ष्य जुटाते हुए छितर मल पुत्र मुलाराम गुर्जर, मुनेश पुत्र प्रभुराम गुर्जर, मुखराम पुत्र श्योदान गुर्जर तीनों निवासी विजयपुरा तन बेरी थाना प्रागपुरा को गिरतार कर लिया। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि गत वर्ष ०1 जुलाई 2०23 को परिवादी अरविन्द (32) पुत्र दिनेश सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 17 अलवर ने पुलिस थाना प्रागपुरा में मामला दर्ज करवाया की खसरा नबर 2289/०.36, 2295 / ०.14 23०9/ ०.95 को अभियुक्त गण मुस्तगीस को सदोष हानि पहुंचाने की नियत से बेईमानी पूर्ण आशय व छलकपट करके उक्त भूमि उनके द्वारा बेचान कर दी।

### 8 लाख से अधिक के मूंग चोरी

**मालपुरा।** अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर मे लचर गश्त व्यवस्था का बैंज्जा फायदा उठाते हुये शातिर चोरो ने शुक्रवार की रात रिको औधोगिक क्षेत्र स्थित मंडी व्यापारी ओमप्रकाश जैन व राजेन्द्र गणवरिया के गोदाम के नो ताले तोड चुरा ले भागे आठ लाख से अधिक के मूंग। पिडित व्यापारी ने थाना पुलिस को अवगत करवाया कि शुक्रवार की देर शाम मालपुरा मंडी से खरीदे गये मूंग के कट्टे रिको स्थित गोदाम मे रख सभी जगह लॉक किया गया था। शातिर चोरो ने रैंकी कर रात्री मे मुख्य गेट सहित एक के बाद एक नो ताले व ऑफिस मे रखी अलमारी का लॉक तोड गोदाम मे रखे दो सो अधिक मूंग के कट्टे जिनकी कीमत आठ लाख से अधिक है। कट्टो को मिनीट्रक मे भर चुरा ले भागे। चोरी की घटना का पता शनिवार की दोपहर बाद जब मुनिम गोदाम पहुंचा तो ताले टूटे देखने पर पता चला।

### गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन पर घटिया सामग्री से किया जा रहा निर्माण

**गोविंदगढ़ / अलवर।** गोविंदगढ़ स्टेशन मास्टर अमृत भारत योजना के तहत एवं नवीनीकरण को लेकर आगरा मंडल के गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्य चल रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिस संबंध में रेलवे के ठेकेदार से दूरभाष के जरिए वार्तालाप हुई तो उन्होंने कहा कि जो हो रहा है वह सही हो रहा है इस संबंध में सीनियर डीसीएम आगरा से दूरभाष के जरिए बात हुई उन्हें घटिया सामग्री के फोटो वीडियो उनके नंबर पर सेंड कर दी गई भी परंतु उसके बाद भी रेलवे के इतने बड़े अधिकारी द्वारा भी ठेकेदार के विरुद्ध कोई एक्शन नहीं लिया गया जिससे कि ठेकेदार के हौसले और भी बुलंद हो गए जब सैईया हुए कोतवाल तो अब डर काहे का करोड़ों रुपए की लागत से गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है जैसे की रेलवे स्टेशन पर तीन सेट, टाइल, पत्थर ,डिस्प्ले ,अनाउंसमेंट सुविधा, स्टेशन पर मीठे पानी की सुविधा, आधुनिक शौचालय की सुविधा, बैठने की सुविधा यात्रियों को, पार्किंग की सुविधा का कार्य किया जा रहा है परंतु ठेकेदार अपने मनमर्जी के अनुसार कार्य कर रहा हैं गोविंदगढ़ ,डीग, मोरा, आदि रेलवे स्टेशनों पर कार्य चल रहा है सभी जगह कार्य घटिया सामग्री लगाई जा रही है ठेकेदार की लेबर के पास भी पर्याप्त उपकरण नहीं है अगर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होती है या फिर उस ठेकेदार की होगी जिम्मेदार । कमीशन खोरी के चलते कोई भी अधिकारी करोड़ों रुपए की लागत से नवीनीकरण स्टेशनों का किया जा रहा है जिसमें जूनियर इंजीनियर एवं उच्च अधिकारियों की देखरेख में कार्य होना चाहिए ठेकेदार जो सामग्री लगा रहा है क्या उसकी क्वालिटी उच्च प्रथम श्रेणी की है या नहीं रेलवे स्टेशनों पर जो करोड़ों रुपए की लागत लग रही है वह देश के हर नागरिक की संपत्ति है रेलवे भी है बात कहती है कि रेलवे आपकी स्वयं की संपत्ति है परंतु इस संपत्ति की देखरेख करने वाले संबंधित अधिकारी आंख बंद कर कर क्यों बैठे हुए हैं यह सोचने की बात है यह रुपया जनता का रुपया है किसी ठेकेदार का नहीं जो कि अपने मनमानी तरीके से घटिया सामग्री का उपयोग कर रहा है।

### पायनियरिंग का दिया प्रशिक्षण

**शाहपुरा ।** बागावास चौरासी में स्थित परमानंद डूंगरी में स्थानीय संघ विराटनगर के प्रशिक्षण केंद्र पर टोलिनायक, द्वितीय, तृतीय सोपान स्काउट गाइड और निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रवि मीणा प्रधान स्थानीय संघ विराटनगर, बनवारी लाल मीणा सेवानिवृत कैप्टन, गोपीराम मीणा सेवानिवृत सूबेदार ने ध्वजारोहण किया। शिविर संचालक हीरालाल स्वामी ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। शिविर प्रभारी फूलचंद मीणा ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान हीरालाल स्वामी, अनिल कुमार शर्मा ने पायनियरिंग, फूलचंद मीणा ने सीटी संकेत, विक्रम कुमार कुंभावत, संजय कुमार ने वन विद्या खोज के चिन्ह, श्रीराम यादव, लोकेश कुमार मीणा ने कंपास, रामगोपाल सैनी, नत्थुराम यादव ने प्राथमिक सहायता, ममता गुर्जर, आंचल गुर्जर ने दक्षता बैज का प्रशिक्षण दिया। खेल सत्र के दौरान सीताराम स्वामी,नितेश कुमार, सांवरमल मीणा, गजेंद्र मीणा ने राम रावण खेल खिलाया। ए एन एम सुमन यादव, प्रेम मीणा शिविर में शिविरार्थियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता के लिए अपनी सेवाए दे रही है। चेतराम जाट और तुषार शर्मा शिविर में सर्विस रोवर के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे है।

### 'वी शक्ति महिलाओं को बनाएगा आत्मनिर्भर'

**अलवर।** वी शक्ति संस्था की ओर से दीवाली मेला 2024 शनिवार को खैरथल स्थित होटल ग्रीनलैंड में लगाया गया। सुबह 9 बजे से शुरू होकर मेला शाम 5 बजे तक चला। इस दौरान मेले में राम दरबार लगाया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोटकासिम एमपीएस शीला चौधरी और विशिष्ट अतिथि पूजा यादव और अंजलि यादव ने रामदरबार में दीप प्रज्जवलन कर किया।मेले में जिले के करीब ब्लॉकों से आए स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। जिसमें अनेक चीजें शामिल थी। मेले में आए लोगों ने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी की जमकर सराहना की और अपनी आवश्यकता के अनुसार सामान भी खरीदा। इस दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति भी दी। मेले में करीब 4 से 5 हजार महिलाएं शामिल रहीं।

### मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न

**दौसा।** श्री संत सुंदरदास राजकीय महिला महाविद्यालय दौसा के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न हुई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में 16 छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें भारती बैरवा प्रथम, खुशबू शर्मा द्वितीय एवं ज्योति सैन व तमन्ना बानो समान अंक लेकर तृतीय स्थान पर विजेता रही। उन्होंने बताया कि महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. परमेश्वरी बागड़ा के नेतृत्व में डॉ. रचना गर्ग व ललिता बैरवा ने प्रतियोगिता का संयोजन किया। निर्णायक मंडल में राकेश कुमार शर्मा, डॉ. स्वर्ण लता सिंह एवं सुश्री पूनम अग्रवाल रहे। प्राचार्य डॉ. कमलेश गुप्ता व वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ललिता वर्मा ने प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की और विजेता छात्राओं एवं प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामना दी।